केंद्र की परियोजनाएं लम्बित न रहें : योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि भारत सरकार से जुड़ी परियोजनाएं किसी भी स्तर पर लम्बित न रहें। ऐसे प्रकरणों में अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। परियोजनाओं की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाए। भूमि अर्जन के मामलों में विभाग अतिरिक्त मानव संसाधन लगाते हुए समय से कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुआवजे के मामलों में कतई देरी न की जाए। न्यायालय में लम्बित मामलों में प्रभावी पैरवी कराते हुए, उनका निराकरण कराएं।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में पीएमजी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। उन्होंने अवस्थापना परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

पीएमजी पोर्टल पर अब तक दर्ज 351 मामलों में से 321 का निस्तारण कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं के संबंध में विभागों को शीघ्र निर्णय लेकर समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सीएम योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर केरल व लक्षद्वीप से आए विद्यार्थियों के दल ने भेंट की।

'यूपी में देश की सांस्कृतिक विरासत के दर्शन'

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिक्षा समाज के लोगों की भावनाओं को समझने का जरिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपमें से कई लोग पहली बार यूपी आये होंगे। कोई किसी भी राज्य का हो पर उनका भाव देश प्रेम का ही होगा। जब देश संकट में आता है तो सभी राज्य एक होकर खड़े हो जाते हैं। यूपी भी केरल की तरह देश की सांस्कृतिक व अध्यात्मिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। मुख्यमंत्री से मंगलवार को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना' के युवा संगम कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आईआईटी पलक्कड़ केरल व लक्षदीप के 45 विद्यार्थी उनके सरकारी आवास-पांच कालिदास मार्ग पर मिले।